महावीर मन्दिर समाचार

मन्दिर समाचार (जून 2021)

महावीर मन्दिर में बना स्थायी ऑक्सीजन बैंक

(सिलेंडर सहित मिलेगा ऑक्सीजन)

महावीर मन्दिर में स्थाई ऑक्सीजन बैंक की शुरुआत हो गई है। मंगलवार को 135 छोटे- बड़े सिलेंडरों के साथ महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने शुभारंभ किया। इनमें 100 छोटे सिलेंडर हैं, जिन्हें मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत होने पर उपलब्ध कराया जाएगा। 35 बड़े सिलेंडरों में ऑक्सीजन स्टॉक रहेगा। बीस हजार रुपये सिक्योरिटी डिपोजिट कर जरूरतमंद ऑक्सीजन भरा सिलेंडर घर ले जा सकते हैं। एक सप्ताह तक यह मान्य होगा। इस दौरान ऑक्सीजन की रिफिलिंग निःशुल्क होगी। संबंधित डॉक्टर के परामर्श पर अनुमति लेकर अधिक दिनों तक सिलेंडर का उपयोग किया जा सकेगा। इस विस्तारित अवधि में भी रिफिलिंग निःशुल्क होगी। बगैर अनुमति के एक सप्ताह से अधिक सिलेंडर रखने पर सिक्योरिटी डिपोजिट की राशि से कटौती की जाएगी। सिलेंडर वापस नहीं करने पर सिक्योरिटी डिपोजिट वापस नहीं मिलेगा।

आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत को देखते हुए 30 अप्रैल से महावीर मन्दिर में निःशुल्क ऑक्सीजन रिफिलिंग सेवा शुरू की गई है जो अब भी जारी है। किन्तु मरीजों को खाली सिलेंडर मिलने में कठिनाई हो रही थी। काफी प्रयास के बाद फरीदाबाद और अहमदाबाद से ऑक्सीजन सिलेंडर मंगाए गए हैं। गुजरात के जामनगर और अहमदाबाद से रेगुलेटर मंगाया गया है। अब किसी भी मरीज को जरूरत पड़ने पर महावीर मन्दिर से सिलेंडर के साथ ऑक्सीजन मिल जाएगा। यह सेवा भी निःशुल्क है। सिक्योरिटी डिपोजिट का प्रावधान इसलिए रखा गया है कि लोग अपनी जरूरत के बाद सिलेंडर लौटा दें ताकि दूसरे जरूरतमंद को दिया जा सके।

दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मिला

आईआईटी इंजीनियरों द्वारा स्थापित स्वयंसेवी संस्था मिशन इंडिया लाइफलाईन की ओर से मंगलवार को दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनें महावीर मन्दिर न्यास को भेंट की गईं। संस्था के प्रतिनिधि गिरिधर झुनझुनवाला ने महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल को अत्याधुनिक सुविधाओं वाली दोनों मशीनें भेंट की। इस अवसर पर इन्द्रपाल सिंह खनूजा ,राकेश कश्यप आदि मौजूद थे। आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि महावीर मन्दिर न्यास के पास कुल 15 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनें उपलब्ध हो चुकी हैं। इनमें दो मशीन महावीर मन्दिर में रिजर्व के रूप में रखी जाएगी। बाकी मशीनों का उपयोग महावीर आरोग्य संस्थान में कोविड मरीजों के इलाज में होगा। उल्लेखनीय है कि महावीर मन्दिर न्यास द्वारा संचालित महावीर आरोग्य संस्थान में सात मई से कोविड मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

रोटरी ब्लड बैंक को चलंत रक्त संग्रह हेतु एक बस उपलब्ध कराया गया

महावीर न्यास मन्दिर, पटना के सचिव श्री किशोर कुणाल द्वारा रोटरी ब्लड बैंक को चलंत रक्त संग्रह हेतु एक बस उपलब्ध कराया गया है जिसको आज IMA के सचिव डॉक्टर रंजन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर बस को दिल्ली रवाना किया, रोटरी क्लब द्वारा संचालित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा चलंत रक्त संग्रहण वाहन। रोटरी ब्लड बैंक के निदेशक रोटेरियन दिनेश टीबड़ेबाल ने बताया की बस को आंतरिक सज्ज़ा के लिए दिल्ली भेजा गया है जो शीघ्र ही सेवा के लिए बेगूसराय में उपलब्ध होगी। वाहन में 04 काउच, फ्रीजर, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और वातानुकूलित लैबोरेटरी की व्यवस्था होगी साथ ही कुशल और प्रशिक्षित मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी।

महावीर मन्दिर की राम-रसोई को मिला ट्रेड मार्क सर्टिफिकेट

अयोध्या में चलती है राम-रसोई

रामलला का दर्शन करने वालों को निःशुल्क मिलता है शुद्ध भोजन

पटना के महावीर मन्दिर द्वारा अयोध्या में संचालित राम-रसोई को भारत सरकार के ट्रेड मार्क रजिस्ट्री विभाग ने अपना सर्टिफिकेट निर्गत किया है। निबंधित ट्रेड मार्क मिलने से अब देश में दूसरी कोई संस्था या व्यक्ति 'राम रसोई' नाम का उपयोग नहीं कर सकेगा। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने राम-रसोई को ट्रेड मार्क रजिस्ट्री सर्टिफिकेट मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि नवम्बर, 2019 में रामलला के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद यह राम रसोई अयोध्या में प्रारम्भ की गई थी। अयोध्या के इतिहास में पहली बार महावीर मन्दिर, पटना ने बाहर के सभी तीर्थयात्रियों के लिए अन्नक्षेत्र प्रारम्भ किया।

निबन्धित राम-रसोई के लोगो में भगवान् श्रीराम शबरी के बेर खाते हुए दीख रहे हैं। अयोध्या में राम-रसाई इतनी प्रसिद्ध हो गयी है कि पटना के महावीर मन्दिर का प्रचार-प्रसार देश के गाँव-गाँव में हो रहा है। यहाँ भोजन के पहले महावीर जी का जयकारा लगता है और हर तीर्थालु को अवगत कराया जाता है कि यह निःशुल्क अन्न क्षेत्र महावीर मन्दिर की ओर से चलाया जा रहा है। अयोध्या स्थित अमावा राम मन्दिर परिसर में राम-रसोई का संचालन किया जा रहा है। यहाँ प्रतिदिन औसतन एक हजार से दो हजार लोगों को भोजन कराया जाता है। श्रद्धालु बिना किसी राशि का भुगतान किए शुद्ध भोजन करते हैं। दोपहर के इस भोजन में जीरा राइस, कचौड़ी, आलू दम, मिक्स सब्जी, अरहर दाल, पापड़, तिलौरी, चटनी और गाय का घी पड़ोसा जाता है। बिहारी शैली में उन्हें प्रेम से पूछ-पूछकर भोजन कराया जाता है।

महावीर मन्दिर न्यास की ओर से सीतामढ़ी स्थित माता सीता के प्राकट्य स्थान पुनौरा धाम में सीता-रसोई का संचालन किया जाता है। पुनौरा धाम में आनेवाले श्रद्धालुओं को यहाँ निःशुल्क शुद्ध भोजन दोनों शाम कराया जाता है।